Digital Edition
# डेमोक्रेटिक फ्रंट
Website : www.demokraticfront.com
शुक्रवार, 13 दिसंबर 2024 | मूल्य : 2 रुपए | पेज : 4 चंडीगढ़ E-mail : sareeka2473@gmail.com RNI No.: HARHIN/11362

## एक नजर

### पार्षदों का प्रतिनिधि मंडल नगर पालिका की कार्यप्रणाली का उठाएगा मुद्दा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट उकलाना जगदीश असीजा.** नगर पालिका के पूर्व पार्षद उपाध्यक्ष हरीश गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 दिसंबर को मुख्यमंत्री का उकलाना में आगमन है इस आगमन में पार्षदों का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से उकलाना नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर मिलेगा जिसमें जो भ्रष्टाचार पनप रहा है उस मामले को मुख्यमंत्री के सामने भी रखा जाएगा उन्होंने कहा कि पार्षदों से भेदभाव जो किया जाता है तथा जहां विकास के नाम पर काम नहीं हो रहे इन सारे मुद्दों को लेकर के पार्षदों में आपसी बैठक शुरू हो चुकी है तथा मुख्यमंत्री के सामने जो खामियां हैं उनको लेकर के अपनी बात रखेंगे।

### उपायुक्त ने चिन्हित अपराधों को लेकर आयोजित बैठक की करी अध्यक्षता

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने निर्देश दिए कि जिला में दर्ज संगीन अपराधों की जांच में तेजी लाई जाए और मामलों की गहनता और निष्पक्षता से जांच करके कानून के दायरे में अपराधियों को सजा दिलवाना सुनिश्चित किया जाए ताकि पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय मिल सके। मोनिका गुप्ता ने यह निर्देश आज उपायुक्त कार्यालय में आयोजित चिन्हित अपराधों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक में पंचकूला के कुल 106 आपराधिक मामलों पर व 73 अंडर ट्रायल मामलों पर चर्चा की गई, जिसमें महिलाओं के विरूद्ध अपराध, पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, चैन स्नेचिंग से संबंधित मामले शामिल है। बैठक में मामलों से संबंधित कानूनी पहलुओं पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि चिन्हित अपराध में कोर्ट में जाने से पहले अच्छी तरह जांच कर संगीन मामलों की रिपोर्ट तैयार की जाए और की गई कार्रवाही के बारे में उन्हें अवगत करवाया जाए। उपायुक्त ने निर्देश दिये कि मामलों की जांच प्रक्रिया में तेजी ला कर जल्द से जल्द निपटान किया जाए ताकि पीड़ित को समय पर न्याय मिल सके, जिन संगीन अपराधिक मामलों में आरोप तय हो चुके है, ऐसे मामलों में न्यायालय के माध्यम से अपराधियों को कानून के अनुसार सजा दिलवाना सुनिश्चत किया जाए ताकि आपराधिक प्रवृति के लोगों में कडा संदेश जाए तथा वे इस प्रकार की गतिविधियों से दूर रहें। उन्होंने कहा कि साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय में मामलों की मजबूती से पैरवी की जाए ताकि अपराधी बच ना पाए। अतिरिक्त जिला न्यायवादी मनोज वशिष्ट ने उपायुक्त को विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किए गए मामलों में की गई कार्रवाई की प्रगति के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। एसीपी आशिष कुमार ने उपायुक्त को आश्वासन दिलाया कि आपराधिक मामलों की जांच प्रक्रिया में और तेजी लाते हुए न्यायालय के माध्यम से अपराधियों को कानून के अनुसार सजा दिलवाना सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम गौरव चैहान, एसडीएम कालका राजेश पुनिया, नगराधीश विश्वनाथ, जिला शिक्षा अधिकारी सतपाल कौशिक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### नशे के विरुद्ध व्याख्यान- आओ मिलकर करें इस समस्या का समाधान

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में हरियाणा राज्य में नशे के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार को हरियाणा में नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार का कार्य किया जा रहा है। वे प्रतिदिन हरियाणा के किसी न किसी स्थान पर जागरूकता कार्यक्रम करते हैं। हीपा द्वारा आयोजित नशे के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत नशे के विरुद्ध व्याख्यान के लिए पहुंचे हुए थे। हीपा के कोर्स डायरेक्टर राम सरण की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। पंचकूला और कैथल से पहुंचे एमसी के साथ एक दिवसीय कार्यशाला में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने नशे की परिभाषा, नशे के प्रकार, नशे के प्रभाव, नशे के सामाजिक, आर्थिक, पारिवारिक और शारीरिक दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए कहा कि नशा कोई भी अच्छा नहीं है। प्रत्येक नशे पर गहनता से वर्णन करते हुए बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो का गठन केवल इसीलिए किया है ताकि नशा मुक्त हरियाणा बने। उन्होंने कहा कि यद्यपि समाज में बुरे लोगों की संख्या अधिक नहीं है लेकिन यहाँ अच्छे लोग अधिक हैं तो भी बुरे लोग अच्छे लोगों पर भारी पडते हैं। अधिकतर अच्छे लोगों की धारणा भी बहुत हास्यास्पद है कि मुझे क्या बस यही समस्या की जड़ है। जिस दिन अच्छे लोग निर्णय लेना आरम्भ कर देंगे उस दिन समस्या का अंत हो जाएगा। यही कारण है कि ब्यूरो द्वारा अच्छे लोगों को जागरूक किया जा रहा है और युवा पी?ी को कुमार्ग से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाता है। उन्होंने कहा कि ब्यूरो द्वारा प्रान्त के लिए एक हेल्पलाइन नंबर 9050891508 जारी किया हुआ है जिस पर प्रतिबंधित नशों के बारे गुप्त सुचना दी जा सकती है। एमसी को भविष्य में ब्यूरो के साथ मिलकर नशे के विरुद्ध कार्यक्रम करने के लिए भी प्रेरित किया।

### केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर बंतो कटारिया ने बधाई दी



**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित.** पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय रत्नलाल कटारिया की पत्नी हरियाणा भाजपा उपाध्यक्ष श्रीमती बंतो कटारिया ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर उन्हें भाजपा सरकार के सफल क्रियान्वयन की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। बंतो कटारिया ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को हरियाणा से सखी बीमा योजना की शुरुआत करने के लिए धन्यवाद देते हुए बताया कि हरियाणा से ही पीएम नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत कर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया था व अब हरियाणा की राज्यसभा सीट से रेखा शर्मा को भाजपा उम्मीदवार घोषित कर महिलाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। बंतो कटारिया ने बताया कि द्रोण दीदी योजना,सखी बीमा योजना,उज्जवला निशुल्क गैस योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना,जन धन योजनाओ के माध्यम से भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं को लगातार सशक्त किया जा रहा है,बंतो कटारिया ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को देश में तीन नए कानून लागू किए जाने पर बधाई देते हुए बताया कि आपके गृहमंत्री रहते हुए देश की आंतरिक कानूनी गृह व्यवस्था में सुधार हुआ है।

# कसीनों पार्टी पर छापा, जुआ खेलते हुए महिलाओं सहित 68 लोग पुलिस हिरासत में

### डिटेक्टिव स्टाफ को मिली थी सूचना, क्राइम ब्रांच व एंटी नारकोटिक्स सेल ने चलाया ज्वाइंट ऑपरेशन

### 22 बोतल अंग्रेजी शराब, 12 गड्डी ताश, 3,69,000 कैश व 20 वाहन बरामद किए गए



**डेमोक्रेटिक फ्रंट पंचकूला।** पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, पुलिस कमिश्नर श्री राकेश कुमार आर्य, भा.पु.से. के नेतृत्व में पुलिस उपायुक्त हिमाद्रि कौशिक, पुलिस उपायुक्त अपराध एवं यातायात मुकेश कुमार ने जिला में नशा व जुआ पर लगाम लगाने हेतु कड़े निर्देश दिए है।

इसके अलावा जिला को नशा से मुक्त करने हेतु 'नशा और हिंसा मुक्त मेरा गांव मेरी शान' अभियान के तहत लोगों को जागरुक भी किया जा रहा है साथ ही नशे को बढ़ावा देने वाले असामजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिस कार्रवाई में दिनांक 12.12.2024 को इन्सपेक्टर निर्मल सिंह डिटेक्टिव स्टाफ की टीम को गुप्त सूत्र से सूचना मिली कि कालका क्षेत्र के गांव बाड़ में बने 'द डिवाइन- वन्स इन नैचर' होटल में कसीनों पार्टी चल रही है। जिसमें काफी मात्रा में युवक-युवतियां शराब के सेवन के साथ जुआ इत्यादि भी खेल रहे है । जिसके बाद इन्चार्ज एंटी नारकोटिक्स सेल उप निरीक्षक भीम सिंह व इन्चार्ज क्राइम ब्रांच व सेक्टर-26 इंस्पेक्टर दलीप सिंह की टीम ने ज्वाइंट ऑपरेशन के तहत कार्रवाई करते हुए बताएं गए स्थान पर पहुंचकर कसीनों पार्टी पर छापा मारा । जिसमें हॉल के अंदर तेज म्यूजिक की धुन पर लडकियां नाच रही थी व वहां कुछ लड़के कुर्सियों पर बैठ कर शराब के सेवन कर रहे थे । इसके अलावा कुछ युवक-युवतियां जुआ खेल रहे थे । जिनकी कुल संख्या 68 है। पुलिस ने सभी से नाम-पता पूछा जिसमें सामने आया कि पार्टी में शामिल युवक-युवतियां हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, नेपाल के रहने वाले है । पूछताछ में सामने आया कि यह पार्टी देवेन्द्र कुमार उर्फ कालु मलिक ने अपने साथी संदीप शर्मा उर्फ सैन्डी,सोहल खान, रिक्की नन्दा, मनीष शर्मा उर्फ मोनु वासियान कुरूक्षेत्र व बन्टी वासी करनाल व द डिवाईन फार्म हाऊस गाँव बाड थाना कालका जिला पंचकुला के मालिक रतन बंसल वासी पंचकुला व मैनेजर राजेन्द्र वासी जीन्द के साथ मिलकर सारी कसीनों पार्टी, शराब परोसने व जुआ (फैल्स गेम) की व्यवस्था की थी । जब पुलिस ने देवेन्द्र कुमार उपरोक्त से शराब परोसने व जुआ खिलवाने बारे व कसीनों पार्टी करने बारे लाइसेंस व परमिट पेश करने बारे कहा गया। जो कोई लाइसेंस आदि पेश नही कर सका।

होटल की तलाशी लेने पर 22 बोतल अंग्रेजी शराब, 12 गड्डी ताश, 3,69,000 कैश बरामद किए गए। इसके अलावा 20 गाडियां बरामद हुई जो कि हरियाणा, पंजाब व हिमाचल प्रदेश की थी। मौका पर आबकारी विभाग के निरीक्षक को भी सूचना देकर बुलाया गया। जिसके बाद आरोपियों के खिलाफ थाना कालका में हरियाणा आबकारी संशोधित अधिनियम की धारा 61(1)(A), 72(C) व जुआ अधिनियम की धारा 3 व 4 के तहत मामला दर्ज किया है

# एमिनेंट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड चंडीगढ़ में कुशल बिजली वितरण के लिए समर्पित

### सहायक कंपनी सीईएससी के पास बिजली वितरण में सालों का अनुभव, चंडीगढ़ वासियों को मिलेगी उन्नत सुविधा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** एमिनेंट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (EEDL) जो CESC लिमिटेड (आर-पी संजीव गोयनका ग्रुप की कंपनी) की 100 त्न सहायक कंपनी है, चंडीगढ़ के लोगों को विश्वसनीय, कुशल और निर्बाध बिजली प्रदान करने के लिए पूरी तरह समर्पित है। आरपीएसजी ग्रुप चंडीगढ़ के लोगों को भरोसा दिलाती है कि एमिनेंट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड उपभोक्ता सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने के साथ-साथ उनकी हर उम्मीदों पर खड़ा उतरेगी।

प्रेसिडेंट, बिजली वितरण, आर-पीएसजी ग्रुप, पी आर कुमार चंडीगढ़ में कंपनी की सेवा शुरू करने को लेकर काफी उत्साहित हैं। पी आर कुमार ने कहा, हम केंद्र सरकार और चंडीगढ़ यूटी प्रशासन द्वारा जताए गए भरोसे का सम्मान करते हैं। हम चंडीगढ़ बिजली विभाग के कर्मचारियों को ये आश्वस्त करना चाहते हैं कि उनकी सेवाओं की सभी शर्तों और सेवानिवृति लाभों का पूरा ख्याल रखा जाएगा। आरपी-एस जी ग्रुप में 50000 से ज्यादा कर्मचारी हैं और अब उनके साथ चंडीगढ़ बिजली विभाग के भी सभी कर्मचारी हमारे परिवार का अहम हिस्सा बन जाएंगे। एमिनेंट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के प्रवक्ता ने एक वर्ग के द्वारा फैलाई जा रही अफवाहों का भी खंडन किया। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा एमिनेंट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड को लेकर खबर फैलाई जा रही है कि इस कंपनी के पास बिजली वितरण का कोई अनुभव नहीं जो पूरी तरह निराधार और गलत है। सीईएससी लिमिटेड को बिजली वितरण के क्षेत्र में दशकों का अनुभव है। सीईएससी लिमिटेड 1987 से कोलकाता और हावड़ा में बिजली का उत्पादन और वितरण कर रही है। 15500 करोड़ के राजस्व और 26,500 करोड़ रुपए की बाजार पूंजी के साथ सीईएससी देशभर में 44 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं को अपनी सेवाएं प्रदान कर रही है। हमारे सेवा क्षेत्रों में पश्चिम बंगाल में कोलकाता और हावड़ा, उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा, और राजस्थान में कोटा, भरतपुर और बीकानेर में वितरण फ्रैंचाइजी शामिल है। हमारे पास 4,000 रू्ब्र की पीक डिमांड को संभालने का व्यापक अनुभव है, जो हमें चंडीगढ़ की 420 MW की पीक डिमांड (गर्मियों में ) को कुशलतापूर्वक पूरा करने के लिए पूरी तरह से सक्षम बनाता है। एमिनेंट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के प्रवक्ता ने कहा हम चंडीगढ़ प्रशासन के साथ मिलकर चंडीगढ़ के लोगों को बेहतर बिजली सेवाएं दिलाने का भरोसा दिलाते हैं। हमारा उद्देश्य चंडीगढ़ में विश्वस्तरीय बिजली ढांचा विकसित करना है, जो शहर की हरियाली और सांस्कृतिक धरोहर के अनुरूप हो। आधुनिक तकनीक और बेहतर ग्राहक सेवा के माध्यम से, हमारी कोशिश होगी कि हम चंडीगढ़ को एक मॉडल 'फ्यूचर सिटी' में परिवर्तित कर सकें, जो भारत के अन्य शहरों के लिए पर्यावरण-अनुकूल ऊर्जा समाधानों का मानक स्थापित करे। EEDL का चंडीगढ़ में प्रवेश शहर के ऊर्जा परिदृश्य में एक परिवर्तनकारी युग की शुरुआत को चिह्नित करता है, जो अभिनव, कुशल और उपभोक्ता-केंद्रित समाधान प्रदान करेगा, साथ ही शहर की धरोहर को बनाए रखते हुए एक स्थिर भविष्य की ओर अग्रसर होगा। आरपी-संजीव गोयनका ग्रुप जिसका कोलकाता में मुख्यालय है, 23 से अधिक कंपनियों का संचालन करती है।

# हठधर्मिता छोड़े बीजेपी सरकार, किसानों से बातचीत कर जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन करवाए खत्म : हुड्डा

### किसानों की मांगे जायज, दिल्ली जाने से रोकना प्रजातंत्र विरोधी कदम

### बीजेपी राज में कानून व्यवस्था जर्जर, हर व्यक्ति असुरक्षित



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल पिछले 16 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हैं। उनकी सेहत लगातार गिर रही है। बीजेपी सरकार को अपनी हठधर्मिता छोड़कर किसानों से बातचीत करनी चाहिए। उनकी मांगों का समाधान कर तुरंत जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन खत्म करवाना चाहिए। हुड्डा चंडीग? आवास पर पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि किसान कोई नई मांग नहीं कर रहे हैं। वो सरकार को उसका अपना वादा याद दिला रहे हैं। ये वही वादा है, जो सरकार ने किसान आंदोलन को खत्म करवाते हुए किसानों से किया था। किसान चाहते हैं कि उन्हें एमएसपी की गारंटी मिले और यह मांग पूरी तरह जायज है।


किसानों को दिल्ली जाने से रोकना बीजेपी का प्रजातंत्र विरोधी कदम है। किसान की आवाज दबाने की बजाय सरकार को बातचीत कर समाधान निकालना चाहिए। सभी को प्रजातंत्र में शांतिपूर्ण तरीके से कहीं भी आने-जाने या अपनी बात कहने का अधिकार है। लेकिन बीजेपी सरकार किसानों से यह अधिकार छीन रही है। जबकि किसानों ने सरकार के बात मानते हुए बिना ट्रैक्टर-ट्राली के दिल्ली जाने की बात मान ली है। ऐसे में उनको रोकना पूरी तरह अलोकतांत्रिक है।

गुरुग्राम के क्लब में बम धमाके पर टिप्पणी करते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बमबारी जैसी वारदातों से प्रदेश की जर्जर हो चुकी कानून व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है। बीजेपी सरकार कुंभकर्णी नींद में सो रही है और अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। हुड्डा ने कहा कि प्रत्येक सरकार की पहली जिम्मेदारी अपने नागरिकों की सुरक्षा करना होता है। लेकिन बीजेपी जब से सत्ता में आई है, उसने अपनी जिम्मेदारी से पूरी तरह मुंह फेर रखा है। यही वजह है कि हरियाणा में अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। आज प्रत्येक हरियाणवी खुद को असुरक्षित महसूस करता है।

# रादौर विधानसभा में भाजपा ने 50 हजार से ज्यादा प्राथमिक सदस्यता बनाकर लक्ष्य पूरा किया : श्याम सिंह राणा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर हरियाणा सुशील पंडित।**

हरियाणा भाजपा सरकार कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत रादौर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा पदाधिकारीगण व कार्यकर्ताओं कि मेहनत से 50 हजार से ज्यादा प्राथमिक सदस्य बना कर लक्ष्य को पूरा किया गया है और यह सभी भाजपा पदाधिकारीगण व कार्यकर्ताओं की मेहनत से संभव हो पाया है इसके लिए वह सभी रादौर विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों नाहरपुर ,ऊंचा चांदना, रादौर, फर्कपुर के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई व धन्यवाद देते हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली द्वारा भाजपा सदस्यता अभियान अभी 15 दिसम्बर तक बढ़ाया गया है व इस संख्या में ओर अधिक वृद्धि होगी ऐसा उन्हें पूर्ण विश्वास है, भाजपा का सदस्यता अभियान पार्टी की नींव है,भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है व भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है।हरियाणा राज्य में व केंद्र में भाजपा की डबल इंजन की सरकार कार्यरत है।भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा के प्राथमिक सदस्य बनने के लिए



आमजन मिस्ड कॉल नंबर 8800002024 पर मिस्ड कॉल करके व नमो ऐप के माध्यम से रैफरल कोड लगाकर सदस्य बन सकते हैं , सभी भाजपा कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा प्राथमिक सदस्य बनाकर भाजपा को और ज्यादा मजबूती प्रदान करें।जिला यमुनानगर में सदस्यता अभियान पूरी मजबूती के साथ चल रहा है।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग,मंडल अध्यक्ष रवि मौदगिल,मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र हैप्पी खेडी,मंडल अध्यक्ष हरपाल काम्बोज,मंडल अध्यक्ष हरबंस सैनी,भाजपा नेता नेपाल राणा , भाजपा नेता पुष्पेन्द्र सिंह सहित बहुत से भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता साथ रहे।

# हरियाणा में जल्द होंगे निकाय चुनाव, राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने दी बड़ी जानकारी

### हरियाणा राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने अधिकारियों को निकाय चुनाव की तैयारियां तेज करने के आदेश दिए हैं.

### 6 जनवरी तक अंतिम मतदाता सूची जारी करने की तैयारी की योजना बनाई है.



**पंचकूला.** हरियाणा में निकाय चुनाव की तैयारी में राज्य निर्वाचन आयोग जुट गया है. हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग ने 6 जनवरी तक अंतिम मतदाता सूची जारी करने की तैयारी की योजना बनाई है. राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने जिला उपायुक्त और नगर निगम आयुक्त को चुनाव तैयारी तेज करने के निर्देश दे दिए हैं. 6 जनवरी को जारी होगी अंतिम सूची।

बता दें कि हरियाणा में तीन नगर निगम, तीन नगर परिषद और 21 नगर पालिकाओं में चुनाव होंगे. मेयर और नगर परिषद पालिकाओं के अध्यक्ष का चुनाव डायरेक्ट होगा. उन्होंने बताया कि 6 दिसंबर को प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशित होगी और 23 दिसंबर तक दावे किए जाएंगे और आपत्तियां और संशोधन किए जा सकेंगे. इसके अलावा, 27 दिसंबर तक दावों का निपटारा किया जाएगा और अंतिम सूची 6 जनवरी को जारी होगी.

कभी भी हो सकती है निकाय चुनाव की घोषणा- राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने बताया कि अंतिम सूची जारी किए जाने के बाद कभी भी नगर निकाय चुनाव की घोषणा हो सकती है. उन्होंने बताया कि नगर निगम गुरुग्राम, फरीदाबाद, मानेसर में आम चुनाव होंगे. इसके अलावा, सोनीपत और अंबाला नगर निगम के मेयर के उपचुनाव होंगे. क्योंकि वह मेयर विधायक बन चुके हैं और उनके मेयर पद खाली है. जिसके लिए चुनाव कराए जाने हैं. इसके अलावा हिसार, करनाल ,रोहतक, पानीपत और यमुनानगर में वार्ड बंदी का काम बचा हुआ है और इनको लेकर फैसला बाद में होगा.

निकाय चुनाव को लेकर लगाई थी याचिका- उन्होंने बताया कि थानेसर नगर परिषद में वार्ड बंदी का काम पेंडिंग है. नगर पालिकाएं बरा?ा, बवानी खेड़ा, लोहारू, सिवानी, फारुख नगर, जाखल मंडी, नारनौंद बेरी, जुलाना, कलायत, पुंडरी, इंद्री नीलो खेड़ी ,अटेली मंडी ,कनीना, तावडू, हथनी ,कलानौर, खरखोदा, और रादौर में नगर पालिका चुनाव होंगे. राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने कहा कि निकाय चुनाव को लेकर पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में एक याचिका भी लगाई गई थी. जिस पर फैसला लेते हुए हाईकोर्ट ने निकाय चुनाव दो महीने के अंदर करवाने के आदेश दिए गए हैं.

# समाधान शिविर की आई 8 शिकायतें, कइयों का मौके पर हुआ निपटारा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला में लघु सचिवालय सहित सभी उपमंडल कार्यालय में हर कार्यदिवस में समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जा रहा है। इसी क?ी में आज लघु सचिवालय के सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। ऐसे ही शिविर कालका एसडीएम और नगर निगम कार्यालय सेक्टर-4 में आयोजित किये गए। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि पंचकूला के लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में आठ शिकायतें प्राप्त हुई। गुर्जर समाज के लोगों ने अधूरे विकास कार्य को पूरा करने की गुहार लगाई। सरपंच एसोसिएशन के प्रधान ने फैमिली कोर्ट को दूसरी जगह दिए जाने की अपील की। बसंत राम ने परिवारिक क्लेह, बलदेव राज ने कच्चे रास्ते के निर्माण करवाने की गुहार लगाई। किसानों ने मोरनी क्षेत्र में खेती में प्रयोग के लिए पानी के टैंक, सोमा देवी ने आवास योजना का लाभ दिए जाने की अपील की। उन्होंने संबन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर की मोनिटरिंग स्वयं मुख्यमंत्री जी कर रहे हैं। ऐसे में सभी विभाग अपने-अपने विभाग से संबन्धित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटान करें। किसी भी विभाग की समाधान शिविर संबन्धित शिकायत पेंडिंग नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का समाधान नहीं हो रहा, उन्हें पॉलिसी मैटर के लिए भेजें।

# पंजाब विश्वविद्यालय का यूनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल 14 दिसंबर 2024 को स्वर्ण जयंती, रजत जयंती पुनर्मिलन और पूर्व छात्र सम्मेलन की मेजबानी करेगा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** प्रबंधन विज्ञान के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए जिम्मेदार क्षेत्र के प्रमुख बी-स्कूलों में से एक, यूनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल, पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू), चंडीगढ़ शनिवार, 14 दिसंबर , 2024 को अपनी स्वर्ण जयंती, रजत जयंती पुनर्मिलन और पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन करेगा।

हर साल, यूबीएस अपने पूर्व छात्रों की उपलब्धियों का जश्न मनाने और उन्हें संजोने के लिए स्वर्ण जयंती, रजत जयंती पुनर्मिलन और पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन करता है, लेकिन मौजूदा मिलन समारोह कुछ खास है। इस साल, यूनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल न केवल एक बैच बल्कि चार सफल पूर्व छात्र बैचों, यानी 1971, 1972, 1973 और 1974 के लिए स्वर्ण जयंती मना रहा है, साथ ही बैच 1999 के लिए रजत जयंती भी मना रहा है। इस कार्यक्रम में कई प्रसिद्ध, प्रतिष्ठित और प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट हस्तियाँ शामिल होंगी, जो दुनिया भर में फैली हुई हैं और देश के प्रबंधकों से लेकर प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनियों में उपाध्यक्षों तक के शीर्ष पदों पर हैं। इस कार्यक्रम के आयोजन स्थल हैं यूनिवर्सिटी परिसर का लॉ ऑडिटोरियम (आर्ट्स ब्लॉक ढ्ढ्ढ) और यूनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल (आर्ट्स ब्लॉक ढ्ढ्ढ्ढ)। यूनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल को इस कार्यक्रम में लगभग 100 पूर्व छात्रों के आने की उम्मीद है।

इस आयोजन के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 14 दिसंबर , 2024 को लॉ ऑडिटोरियम में सुबह 9 बजे शुरू होने की उम्मीद है, जिसके बाद मेहमानों को जलपान परोसा जाएगा। समारोह की अध्यक्षता मुख्य अतिथि चंडीगढ़ के गृह सचिव श्री मंदीप सिंह बराड़ करेंगे। अन्य गणमान्य व्यक्तियों में मुख्य अतिथि सुश्री प्रीति कुमार, मैनेजिंग पार्टनर, एम्रॉप इंडिया, श्री सुमित राय, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ एडलवाइस, श्री नितिन बर्मन, ग्रुप चीफ रेवेन्यू ऑफिसर, बालाजी टेलीफिल्म्स, संस्थापक सदस्य, यूबीएस एलुमनी एसोसिएशन, श्री कुलदीप कौल, अध्यक्ष, यूबीएस एलुमनी एसोसिएशन, श्री अनुराग अग्रवाल, यूनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल के सम्मानित संकाय सदस्य और अन्य सम्मानित अतिथि भी इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। इस मीट का आयोजन यूनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल की चेयरपर्सन प्रोफेसर परमजीत कौर और पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ के यूनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल में एलुमनाई रिलेशंस की कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर नवदीप कौर द्वारा किया जाएगा। प्रोफेसर परमजीत कौर ने कहा कि एलुमनाई मीट का उद्देश्य पूर्व छात्रों के साथ लगातार संपर्क में रहकर उनमें अपने संस्थान के प्रति अपनेपन की भावना पैदा करना है।

समारोह के बाद 1971, 1972, 1973 और 1974 के स्वर्ण जयंती बैचों और 1999 के रजत जयंती बैचों के सम्मानित शिक्षकों और पूर्व छात्रों का सम्मान किया जाएगा। करीब 2 बजे मेहमानों को यूबीएस परिसर के सामने वाले मैदान में दोपहर के भोजन के लिए ले जाया जाएगा, जिसके बाद कुछ अन्य गतिविधियाँ निर्धारित हैं। यह कार्यक्रम यूनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल के मौजूदा छात्रों के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा, जहाँ वे पूर्व छात्र-छात्र बातचीत के माध्यम से मेहमानों के साथ बातचीत कर सकेंगे। यह वह जगह है जहाँ भावी प्रबंधक पूर्व छात्रों से कॉर्पोरेट जगत के बारे में कुछ उपयोगी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। छात्र अपने ज्ञान के दायरे को बढ़ा सकते हैं और वाणिज्य और प्रबंधन के विभिन्न क्षेत्रों में अपने पूर्व छात्रों के समृद्ध अनुभव से लाभ उठा सकते हैं। सांस्कृतिक तड़का लगाते हुए, छात्रों द्वारा भांगड़ा, फ्यूजन, रेट्रो, संगीत, हरियाणवी जैसे नृत्य और गायन प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को और भी बेहतर बनाने की उम्मीद है। विभिन्न रोमांचक गतिविधियों के माध्यम से मौज-मस्ती का माहौल और भी बढ़ जाएगा। कार्यक्रम शाम तक चलेगा, जिसके अंत में पूर्व छात्रों को विदाई देने से पहले हाई टी परोसी जाएगी। इस अवसर को पूर्व छात्रों के लिए अपने अतीत को याद करने और पुरानी यादों को ताज़ा करने की एक शानदार परंपरा के रूप में देखा जाता है। यह सभी के लिए जुड़ने और मजबूत रिश्ते बनाने का एक बेहतरीन अवसर है। यूनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल की चेयरपर्सन प्रोफेसर परमजीत कौर और एलुमनाई रिलेशंस सेल की समन्वयक प्रोफेसर नवदीप कौर ने प्रत्येक पूर्व छात्र, पूर्व और वर्तमान संकाय सदस्य के साथ-साथ शहर के मीडिया घरानों को हमारे एलुमनाई मीट 2024 में शामिल होने के लिए हार्दिक निमंत्रण दिया है।

## एक नजर

### सिविल सर्जन डॉ. पवन कुमार शगोत्रा ने विभिन्न आम आदमी क्लीनिकों का दौरा किया



**डेमोक्रेटिक फ्रंट होशियारपुर ( तरसेम दीवाना ).** सिविल सर्जन होशियारपुर डॉ. पवन कुमार शगोत्रा ने शहरी होशियारपुर के आम आदमी क्लिनिक नलोयान चौक और ड्रेनेज कार्यालय, विभिन्न ब्लॉकों के आम आदमी क्लिनिक बागपुर, कलोटा, मेहताबपुर, भंगाला, मानसर और बागोवाल का दौरा किया। इस मौके पर उनके साथ जिला कार्यक्रम प्रबंधक मुहम्मद आसिफ भी मौजूद रहे। सिविल सर्जन द्वारा विभिन्न आम आदमी क्लीनिकों की जांच के दौरान ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मियों की उपस्थिति की जांच की गयी तथा सभी को समय के पाबंद रहने का निर्देश दिया गया। उनके द्वारा दैनिक ओपीडी, मरीजों का रिकार्ड, दवा स्टॉक एवं साफ-सफाई की विशेष रूप से समीक्षा की गई। डॉ. शगोत्रा ने स्टाफ को कामकाज और मरीजों का उचित रिकॉर्ड बनाए रखने को कहा। फार्मेसी स्टोर का निरीक्षण करते हुए उन्होंने मरीजों के लिए आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और लोगों को सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया करायी जा सकें। उन्होंने वहां आए मरीजों का हालचाल जाना और उन्हें दी जाने वाली दवाओं तथा उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्टाफ को बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण के नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टाफ से कहा कि वे आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराएं, मरीजों के प्रति प्रेमपूर्ण रवैया अपनाएं।

### मैकमा एक्सपो 2024 के 11 वें संस्करण की तैयारी पूरी, उद्योगपतियों को पहुंचने की अपील



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** भारत की सबसे उत्कृष्ट मशीन टूल्स और ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी मैकमा एक्सपो 2024 मशीन टूल्स प्रदर्शनी का 11 वां संस्करण 13 दिसंबर से परेड ग्राउंड, सेक्टर 17, चंडीगढ़ में शुरू हो रही है, जो 16 दिसंबर तक चलेगी और इसका समय सुबह 10 से शाम 6 बजे तक होगा। मैकमा एक्सपो के बारे में जानकारी देते हुए करमजीत सिंह ने बताया कि कल होने वाले संस्करण की तैयारी पूरी हो चुकी है। उन्होंने उद्योगपतियों को इसमें शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह एक्सपो उत्पाद प्रदर्शन के लिए विश्व स्तरीय सुविधाओं को प्रदर्शित करेगा। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से मैकमा एक्सपो मशीन टूल्स उद्योग और ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी के विकास में शीर्ष योगदानकर्ताओं का लक्ष्य रखता रहा है, जो अपने प्रदर्शकों और आगंतुकों को अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मैकमा एक्सपो का आयोजन फॉर्च्यून एग्जीबिटर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाता है और प्रदर्शनी के इस संस्करण में मशीन टूल्स, प्लास्टिक मशीनरी, ऑटोमेशन और इंजीनियर प्रौद्योगिकी को कवर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी उद्योगपतियों को बेहतरीन अवसर देगी, जो उन्हें अपने क्षेत्र में व्यवसाय बढ़ाने में मदद करेगी। मैकमा एक्सपो का मिशन हमारे ग्राहकों को समर्पित और अनुकूलित व्यापार मेलों और प्रदर्शनियों के माध्यम से व्यावसायिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के उनके दृष्टिकोण को साकार करने में सहायता करना है। प्रदर्शनी में भाग लेने वाले कुछ प्रमुख प्रदर्शकों में ज्योति सीएनसी, जेवू मशीन्स, यशुका ग्रुप, एडवांस ग्रुप, हैको मशीनरी, जय श्री मशीन टूल्स, गुरुचरण इंडस्ट्रीज, फूजी इलेक्ट्रॉनिक्स, ट्रांसकॉन इंजीनियर्स, भाव्या मशीन टूल्स, जे. के मशीन और कनखल ग्रुप आदि हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक्सपो 13 से 16 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा.

### मैंने कर दिया नाम ऊंचा हरियाणा का की प्रस्तुति ने मोह लिया मन




**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित.** हिंदू पब्लिक स्कूल जगाधरी का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रमा राकेश सिंगल द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में पहुंची मुख्य अतिथि राम राकेश का स्वागत, स्वागत भाषण से किया गया। कक्षा नर्सरी के बच्चों ने बम बम गीत की शानदार प्रस्तुति दी। पंजाब की पहचान गिद्दा कक्षा आठवीं तथा नवमी की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। आज के समय में अधिकतर युवा नशे की गिरफ्त में फंसे हुए हैं। नशे की प्रवृत्ति से युवाओं को दूर रखने के लिए स्क्रिप्ट के माध्यम से समझाया गया ताकि बच्चों को नशे से दुष्प्रभाव की जानकारी मिल सके। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 10 की छात्रों द्वारा गुजराती नृत्य घूमर प्रस्तुत किया गया। राजस्थानी परिधान में किया गया यह नृत्य सभी दर्शकों को लुभा रहा था। कक्षा यूकेजी के नन्हे मुन्ने बच्चों बच्चों द्वारा शिक्षा का संदेश देता नृत्य प्रस्तुत किया गया और संदेश दिया गया कि हम मेहनत और लगन से क्या नहीं कर सकते। हरियाणा की पहचान हरियाणवी नृत्य कक्षा 6 से 8 तक की बालिकाओं ने करते हुए समा बांध दिया। रंग-बिरंगे कुर्ता दमन में चमकीले चुंदड ओढ़ कर मैंने कर दिया ऊंचा नाम मेरे हरियाणे का। कक्षा 6 से 9 तक कि छात्रों द्वारा बहुत ही शानदार शब्द गुरबाणी की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए रानी लक्ष्मीबाई की वीरता को नाट्य मंचन द्वारा दर्शाया गया तथा यह प्रस्तुति कक्षा 2 से 6 के बच्चों द्वारा दी गई। सिख परंपरागत का एक पारंपरिक मार्शल आर्ट है जिसे सिखों ने मुगल आक्रमणो से बचने के लिए किया था। कक्षा 2 से 10 कक्षा तक के लड़के तथा लड़कियों ने गतका की प्रस्तुति दी। इसलिए पक्ष कक्षा 4 से 7 के बच्चों ने शिव अघोरी नृत्य प्रस्तुत किया। नन्ही बालिका हिताक्षी ने अकाल हरियाणवी नृत्य हरियाणा में आई है बिजली करके सबका मन मोह लिया। पंजाब की शान तथा फसल उत्सव बैसाखी से संबंधित भांगड़ा कक्षा 10 तथा 12 के बच्चों ने बहुत ही शानदार तरीके से प्रस्तुत किया। इस मौके पर सभी को संबोधित करते हुए मुख्य अध्यापिका रक्षा गर्ग ने अपना संबोधन दिया और छात्रों का उत्साहवर्धन किया। रक्षा ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों समय-समय पर होती रहनी चाहिए।

## राजीव गांधी कॉलेज भवन में संबद्ध कॉलेजों के लिए सार्वभौमिक मानव मूल्यों पर एक दिवसीय नेतृत्व विकास कार्यक्रम का आयोजन

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़.** नैतिक सिद्धांतों पर आधारित नेतृत्व कौशल को बढ़ाने की एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू), चंडीगढ़ ने आज यहां पंजाब विश्वविद्यालय परिसर में राजीव गांधी कॉलेज भवन में अपने संबद्ध कॉलेजों के लिए सार्वभौमिक मानव मूल्यों पर एक दिवसीय नेतृत्व विकास कार्यक्रम का आयोजन किया। एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन डीन कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल, पंजाब विश्वविद्यालय द्वारा यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज़ सेल और पीएल टंडन चेयर ऑफ स्ट्रैटेजिक मैनेजमेंट के सहयोग से किया गया था। इस कार्यक्रम में पंजाब विश्वविद्यालय के विभिन्न संबद्ध कॉलेजों के 200 प्रिंसिपल/डीन/एचओडी और संकाय सदस्य शामिल हुए । पीयू की कुलपति प्रो. रेणु विग ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर पर उपस्थित रहीं। अपने प्रेरक भाषण में, उन्होंने भावी नेताओं के बीच ईमानदारी और सामाजिक जिम्मेदारी के माहौल को बढ़ावा देने के लिए नेतृत्व प्रथाओं में सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों को एकीकृत करने के महत्व और उद्देश्य पर जोर दिया। अपने मुख्य भाषण में, नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी फॉर इंफ्रास्ट्रक्चर (एनसीसीआईपी) के अध्यक्ष और पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति , प्रो. रजनीश अरोड़ा ने प्रभावी नेतृत्व में मानवीय मूल्यों की भूमिका पर अपने विचार साझा किए, तथा प्रतिभागियों को अपने पेशेवर सफ़र में नैतिक जागरूकता और ज़िम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पाठ्यक्रम में मानवीय मूल्यों को शामिल करने पर भी ज़ोर दिया। एक अन्य वक्ता डॉ. कुमार संभव ने समग्र विकास और शिक्षा की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। श्री जितेन्द्र नरूला ने भी प्रस्तुतियों के माध्यम से सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों पर अपने विचार साझा किए। पीयू डीन कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल प्रो. संजय कौशिक ने कार्यक्रम के बारे में एक आकर्षक परिचय दिया, इसके उद्देश्यों और ऐसे नेताओं को विकसित करने के महत्व पर प्रकाश डाला जो न केवल कुशल हैं बल्कि मूल्य-संचालित भी हैं। उन्होंने आत्म-मूल्यांकन और प्रतिबद्धता के बारे में भी बात की। पीयू के रजिस्ट्रार प्रो. वाईपी वर्मा ने भी मानवीय मूल्यों पर अपने विचार और अंतर्दृष्टि साझा की। निदेशक, अनुसंधान एवं विकास प्रो. योजना रावत ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। पीयू के डीन ऑफ यूनिवर्सिटी इंस्ट्रक्शंस प्रो. रुमिना सेठी ने मुख्य अतिथि के रूप में समापन सत्र की शोभा बढ़ाई। उन्होंने नेतृत्व कौशल पर अपने विचारों से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

## 'सभी के लिए समानता, दुनिया भर में समान अधिकारों और न्याय के लिए चल रहे संघर्ष पर जोर देती'



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** नेशनल ह्यूमन राइट्स सोशल जस्टिस काउंसिल ऑफ इंडिया, चंडीगढ़ की एक महत्वपूर्ण बैठक श्री कमलजीत सिंह पंछी की अध्यक्षता में 10 दिसंबर, 2024 को मानवाधिकार दिवस मनाने के लिए होटल पार्क इन, सेक्टर 35, चंडीगढ़ में आयोजित की गई। यह तिथि 10 दिसंबर, 1948 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा (यूडीएचआर) को अपनाने और उद्घोषणा की याद दिलाती है। इस वर्ष की थीम, सभी के लिए समानता, दुनिया भर में समान अधिकारों और न्याय के लिए चल रहे संघर्ष पर जोर देती है। यह दिन मौलिक मानवाधिकारों की रक्षा और असमानताओं को दूर करने के लिए वैश्विक सहयोग का आग्रह करते हुए कार्रवाई के आह्वान के रूप में कार्य करता है।

पंजाब राज्य मानवाधिकार आयोग, चंडीगढ़ के चेयरमैन माननीय न्यायमूर्ति संत प्रकाश इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कई सदस्यों को समाज के प्रति उनकी असाधारण सामाजिक सेवाओं के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया- 1. सुश्री पूजा बख्शी, 2. श्री कृपाल सिंह, 3. सुश्री शीतल नेगी, 4. डॉ. हरनेक सिंह। मुख्य अतिथि ने मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा करने में मानवाधिकार परिषद के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने नेशनल ह्यूमन राइट्स सोशल जस्टिस काउंसिल ऑफ इंडिया, चंडीगढ़ के अध्यक्ष और टीम को सभी पहलुओं में अपना पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया। उन्होंने पूरी टीम को उनके सराहनीय प्रयासों के लिए बधाई भी दी। उन्होंने एक महत्वपूर्ण बिंदु पर प्रकाश डाला- पंजाब मानवाधिकार आयोग का अधिकार क्षेत्र चंडीगढ़ क्षेत्र तक भी फैला हुआ है। कमलजीत सिंह पंछी ने महिलाओं के उत्पीड़न, दहेज हत्या, श्रम शोषण, बाल श्रम और शारीरिक अधिकारों सहित सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मानवाधिकार दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला ! मानवाधिकार दिवस यह याद दिलाने के लिए मनाया जाता है कि प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों का सम्मान और सुरक्षा की जानी चाहिए। इसका उद्देश्य लोगों को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक करना और समानता और न्याय को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाना है। उन्होंने सभी व्यक्तियों का कल्याण सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया। अनिल वोहरा,चेयरमैन, ने नेशनल ह्यूमन राइट्स सोशल जस्टिस काउंसिल ऑफ इंडिया के लक्ष्य एवं उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने उत्सव में उनके समर्थन और सक्रिय भागीदारी के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। सदस्यों ने सामूहिक रूप से जनता के अधिकारों को बनाए रखने और उनकी रक्षा करने की प्रतिज्ञा की।

## उपायुक्त ने नशीले पदार्थों के उपयोग की रोकथाम के लिये गठित जिला स्तरीय एनकोर्ड कमेटी की आयोजित बैठक की करी अध्यक्षता

### पुलिस विभाग के अधिकारियों से शिकायतों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट हर सप्ताह प्रस्तुत करने के दिये निर्देश

### स्कूल और कॉलेज के पास पुलिस की पैट्रोलिंग कर सख्त चैकिंग के दिये निर्देश

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने लघु सचिवालय के सभागार में नशीले पदार्थों के उपयोग की रोकथाम के लिये जिला स्तरीय एनकोर्ड कमेटी की आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उपायुक्त ने नशे के विरूद्ध शैक्षणिक संस्थानों, खेल विभाग को जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए ताकि बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया जा सके। उपायुक्त ने पुलिस को ड्रग्स बेचने वालों पर ज्यादा से ज्यादा छापेमारी कर पकडने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित सभी शिक्षण संस्थानों व अन्य अधिकारियों से जिले में ड्रग्स का सेवन रोकने के सुझाव मांगे और एंटी ड्रग्स कमेटी प्रत्येक शिक्षण संस्थान में बनाने के निर्देश दिए। उन्होने सभी शिक्षण संस्थानों के मुखिया से ड्रग्स बेचने व लेने की कोई भी शिकायत सीधे तौर पर मुझे दें या फिर पुलिस उपायुक्त को मिलकर दे ताकि ड्रग्स बेचने वालों के खिलाफ सख्त कारवाई अमल में लाई जा सके। उन्होने सभी को अपने अपने शिक्षण संस्थानों में ड्रग्स के दुष्प्रभाव में बारे में जागरूकता शिविर व नुक्कड नाटक या सेमिनार के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देश दिये कि पुलिस विभाग द्वारा शुरू किए गए टोलफ्री नंबर 7087081100 पर मादक पदार्थों की तस्करी और उपयोग से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाए और मादक पदार्थों को जब्त करने के साथ-साथ इस अवैध धंधे में संलिप्त लोगों को पकड कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने इसकी रिपोर्ट हर सप्ताह प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि पुलिस द्वारा जिला में ऐसे स्थानों को चिन्हित किया जाए जहां नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री की संभावना है। उन्होंने कहा कि हम सभी को नशा करने वाले के अलावा नशा बेचने वाले तक पहुंचने से ही नशे का सेवन रोका जा सकता है। उन्होने पुलिस व शिक्षण संस्थान को अपनी इंटैलिजैंस को बढाकर नशा करने वाले से नशा कहां से मिला है इसका पता लगाना बेहद जरूरी है। उन्होने बताया कि एनकोड कमेटी का मुख्य उद्देश्य जिला में नशाखोरी को पूर्णत: रोक कर जिलावासियों को नशे से बचाना है। उपायुक्त ने डीसीपी पंचकूला को स्कूल व कॉलेज के पास पैट्रोलिंग ब ?ाने व आस पास समान बेचने वाले वैंडरों की भी चैकिंग करने के निर्देश दिये ताकि स्कूल व कॉलेज के पास नशे को रोका जा सके और युवाओं को नशे की लत से बचाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिये कि दूसरे प्रदेशों से नशीले पदार्थों की सप्लाई चेन को तोड़ने के लिए पंजाब और हिमाचल के बॉर्डर से लगते जिला के क्षेत्रों में पुलिस विभाग द्वारा नाके लगा कर विशेष चैकिंग अभियान चलाया जाए। इसके अलावा हिमाचल और पंजाब पुलिस व मुखबीरों के माध्यम से निरंतर संपर्क स्थापित किया जाए ताकि नशा बेचने वालों पर सूचना मिलते ही कारवाई हो सके। एसीपी आशिष कुमार ने जिला में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों व की गई छापेमारी के बारे में उपायुक्त को अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि टोलफ्री हैल्पलाईन नंबर पर मादक पदार्थों की बिक्री और उपयोग के संबंध में शिकायत प्राप्त होते ही पुलिस द्वारा तुरंत कार्रवाई की जाती है और नशा बेचने वालों को पकडा जाता हैं। ड्रग कंट्रोलर ने उपायुक्त को बताया कि उन्होंने 44 दवाईयों की रिटेल दुकानों को चैक किया और 90 हॉलसैल दवाईयों की दुकानों को चैक किया गया। दिसंबर माह में सिर्फ एक दुकान में कुछ दवाइयां मिली, जिसके खिलाफ सख्त कार्रवाही की गई। इस अवसर पर एसडीएम पंचकूला गौरव चैहान, एसडीएम कालका राजेश पुनिया, नगराधीश विश्वनाथ, जिला शिक्षा अधिकारी सतपाल कौशिक, आईटीआई पंचकूला के प्रिंसीपल मनदीप बेनीवाल, ड्रग कंट्रोलर प्रवीण कुमार, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सैक्टर 1, सैक्टर 14 और विभिन्न शिक्षण संस्थानों व एनजीओ के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## उत्पादों पर प्रस्तावित 35 प्रतिशत जीएसटी अवैध व्यापार को बढ़ावा देगा

**डेमोक्रेटिक फ्रंट बठिंडा।** तम्बाकू और वातित पेय जैसे उच्च-कर उत्पादों पर प्रस्तावित 35 प्रतिशत जीएसटी स्लैब प्रतिकूल है और भारत की अर्थव्यवस्था, रोजगार और तंबाकू नियंत्रण प्रयासों के लिए गंभीर जोखिम पैदा करता है। सिगरेट पर उच्च कर उपभोक्ताओं को सस्ते, गैर कानूनी /अवैध विकल्पों की ओर ले जायेंगे और तस्करी के बाजार को बढ़ावा मिलेगा। भारत का वैध सिगरेट उद्योग कुल तम्बाकू खपत का केवल 10 प्रतिशत हिस्सा बनाता है, लेकिन तम्बाकू कर राजस्व का 80 प्रतिशत योगदान देता है, उच्च करो और बढ़ते अवैध व्यापार इस उद्योग के लिए बढ़ा खतरा है। 2012-2017 के बीच उत्पाद शुल्क दरों में 15.7 प्रतिशत की सीएजीआर वृद्धि से सिगरेट कर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, इसके बाद 2017 में 20 प्रतिशत, 2020 में 13 प्रतिशत और 2023 में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस आक्रामक कराधान ने वैध सिगरेट को असहनीय बना दिया है, जिससे उपभोक्ता तस्करी के बाजार की ओर बढ़ रहे हैं। भारत में अब चौथा सबसे बड़ा अवैध सिगरेट बाजार है, जिससे सरकार को सालाना 21,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है, जबकि कुल अवैध तंबाकू बाजार का मूल्य 30,000 करोड़ रुपये से अधिक है। यूरोमॉनीटर इंटरनेशनल और अल्वारेज़ एंड मार्सल (2024) के अध्ययनों के अनुसार, भारत में, 90 प्रतिशत तंबाकू उपभोक्ता 0.50 रुपये से 4 रुपये प्रति यूनिट की रेंज में उत्पाद खरीद सकते हैं, जिससे वे कम गुणवत्ता वाले सस्ते तंबाकू के पक्ष में अत्यधिक कर वाले उत्पादों को छोड़ देते हैं। तस्करी की गई सिगरेटों की वृद्धि ने भारत में उगाए जाने वाले तंबाकू की मांग को कम कर दिया है, जिससे नौकरियां चली गई हैं और किसानों की आय में गिरावट आई है। 2013 से 2023 तक, तंबाकू उत्पादन में गिरावट के परिणामस्वरूप 238 मिलियन मानव-दिनों का रोजगार खत्म हो गया। तंबाकू कर राजस्व (2022-23) में 72,000 करोड़ रुपये और विदेशी मुद्रा (2023-24) में 12,000 करोड़ रुपये का योगदान देता है। एसोचैम के अनुसार, यह क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था में 17 लाख करोड़ रुपये जोड़ता है, जिसमें इसका प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान शामिल है।

## प्रकृति परीक्षण अभियान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की नई पहल : कुलपति

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए संस्थान द्वारा आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे। इसके लिए विशेष अभियान के माध्यम से नागरिकों को उनकी प्रकृति के अनुसार जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे वे विभिन्न बीमारियों की रोकथाम कर सकें और समग्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें। कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान पंचकुला ने 'देश का प्रकृति परीक्षण अभियान' के तहत शहर के विभिन्न स्थानों पर नागरिकों के प्रकृति परीक्षण की शुरुआत की है। 'यह देश का प्रकृति परीक्षण अभियान' एक राष्ट्रव्यापी पहल पूरे देश में 26 नवंबर से प्रारंभ की गई जो 26 दिसंबर तक 2024 तक चलेगी। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को उनकी शारीरिक और मानसिक प्रकृति के बारे में जागरूक करना है, ताकि वे आयुर्वेदिक सिद्धांतों के अनुसार स्वस्थ जीवनशैली अपना सकें। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत के प्राध्यापक, छात्र और कर्मचारी प्रतिदिन अस्पताल, स्कूलों, कॉलेजों, मंदिरों, कार्यालयों आदि में जाकर लोगों का प्रकृति परीक्षण कर रहे हैं। अब तक संस्थान ने 6000 से अधिक लोगों तक अपनी पहुंच बनाई है और इसे अधिकतम करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में नागरिकों को 'प्रकृति परीक्षण' ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। संजीव शर्मा ने कहा कि विशेष रूप से प्रकृति परीक्षण के बाद, प्रत्येक व्यक्ति को उनकी प्रकृति के आधार पर एक प्रमाणपत्र (प्रकृति प्रमाणपत्र) प्रदान किया जाएगा। यह प्रमाणपत्र 'प्रकृति परीक्षण' ऐप में उपलब्ध होगा, जिसमें उनकी प्रकृति के अनुसार आहार और जीवनशैली में किए जाने वाले संशोधनों की सिफारिशें शामिल होंगी। इसके माध्यम से व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में आयुर्वेद आधारित अनुशंसाओं को आसानी से अपना सकते हैं। संस्थान के कुलपति ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें, 'प्रकृति परीक्षण' ऐप डाउनलोड कर, अपने प्रकृति प्रमाणपत्र प्राप्त करें, और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और सचेत बनें। यह पहल न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए, बल्कि समाज के समग्र कल्याण के लिए भी महत्वपूर्ण है।

## नशामुक्ति के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के वाले होंगे सम्मानित

**डेमोक्रेटिक फ्रंट कोरल पुरनूर पंचकूला.** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि नशे की लत के शिकार व्यक्तियों का यह आदत छुडवाकर समाज की मुख्यधारा से जोडने की दिशा में अच्छे कार्य करने वालो को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें समाज में नई पहचान देने के लिए राज्य स्तरीय अवार्ड प्रदान किये जाते है। उन्होंने बताया कि नशामुक्ति के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों सस्थाओ, पचायती व स्कूलों को राज्य स्तरीय प्रवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नशामुक्ति के क्षेत्र में कार्य करने वाले श्रेष्ठ नशामुक्ति केन्द्र पचायती राज सस्थान नगर निकाय स्कूल कालेज, रचनात्मक अभियान श्रेष्ठ जागरुकता अभियान व्यक्तिगत प्रोफेशनल तथा व्यक्तिगत नॉन प्रोफेशनल श्रेणियों में तीन-2 पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। इसके तहत प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमश 50 हजार 30 हजार व 20 हजार रूपये की राशि प्रदान की जायेगी।

डेमोक्रेटिक फ्रंट www.demokraticfront.com



## एक नजर

### टिहरी गढ़वाल विकास परिषद द्वारा माता की चौकी का आयोजन 14 को



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चण्डीगढ़।** टिहरी गढ़वाल विकास परिषद, चण्डीगढ़ आगामी 14 दिसंबर, दिन शनिवार को गढ़वाल भवन, सेक्टर 29 में माता की चौकी का आयोजन करने जा रहा है। परिषद के महासचिव गौतम सिंह बिष्ट ने बताया कि उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध लोक गायक मुकेश कठैत एवं उनकी टीम माता के भजनों का गुणगान करेंगे। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक चलेगा। तत्पश्चात सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था रहेगी। भाजपा नेता एवं पूर्व वरिष्ठ उपमहापौर अनिल दुबे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। परिषद के प्रधान दीपक उनियाल ने बताया कि आज कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों की एक बैठक भी आयोजित की गई उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में उत्तराखंड की समस्त धार्मिक संस्थाएं कीर्तन मंडलियां एवं मातृशक्ति विशेष सहयोग कर रही है। विभिन्न कीर्तन मंडलियां दोपहर 2 बजे से माता का गुणगान करेंगी। तत्पश्चात लोक गायक मुकेश कठैत अपनी प्रस्तुति देंगे। इसमें सर्वप्रथम श्री गणेश वंदना, पैटण लगिगे मेरी राजे–नंदा देवी, पंडों खेला पासो, जय हो माता दुर्गा भवानी, जय माया जय माया और नाचि गैना इत्यादि पौराणिक कथाओं के उपाख्यानों वाले भक्तिमय गीत श्रद्धालुओं का मन मोह लेंगे। परिषद के महासचिव गौतम बिष्ट ने बताया कि माता की पवित्र ज्योति माता मनसा देवी मंदिर से लाई जाएगी। गढ़वाल सभा, चण्डीगढ़ के प्रधान शंकर सिंह पंवार एवं उनकी टीम को इसमें भाग लेने के लिए विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है। गढ़वाल से जुड़ी अनेक संस्थाओं के पदाधिकारी भी इसमें पूर्ण सहयोग कर रहे हैं।

### इंडियन फार्मास्युटिकल एसोसिएशन के सहयोग से एएसपीएस द्वारा राष्ट्रीय फार्मा सम्मेलन आयोजित




**डेमोक्रेटिक फ्रंट मोहाली.** एमिटी स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज (एएसपीएस) ने इंडियन फार्मास्युटिकल एसोसिएशन (आईपीए) के सहयोग से नेशनल फार्मा कन्वेंशन ड्राइव–2024 और फार्माकोविजिलेंस, सेफ्टी असेसमेंट और डिजिटल क्लिनिकल इंफॉर्मेटिक्स पर एक विशेष कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आईपीए की सचिव और यूआईपीएस, पंजाब विश्वविद्यालय में प्रोफेसर डॉ. इंदु पाल कौर, डीन एफपीएस और संयोजक डॉ. संदीप अरोड़ा, डॉ. अर्शिया भंडारी और डॉ. श्वेता नैय्यर सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने किया। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और अन्य राज्यों के 250 से अधिक प्रतिभागियों के साथ, इस कार्यक्रम में ई–पेपर और ई–पोस्टर प्रस्तुतियों जैसी आकर्षक तकनीकी गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिसमें 40 प्रतिभागियों ने अपनी समीक्षा और शोध निष्कर्षों का प्रदर्शन किया। अतिरिक्त सत्रों में चिकित्सीय एसओपी, क्लिनिकल एल्गोरिदम और फार्मास्युटिकल ब्रांड विश्लेषण पर प्रकाश डाला गया, जो चिकित्सीय दिशानिर्देशों और बाजार के रुझानों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। डॉ बोसुधा बंद्योपाध्याय के नेतृत्व में एमिटी स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड कल्चरल स्टडीज (एएसएलसी) द्वारा आयोजित पोडियम फॉर द इंस्पायरिंग क्रिटिक नामक एक समानांतर कार्यक्रम ने छात्रों को गंभीर रूप से साहित्य का पता लगाने की अनुमति दी। रंगोली और पोस्टर डिजाइन प्रतियोगिताओं जैसी रचनात्मक गतिविधियों ने एक सांस्कृतिक स्वाद जोड़ा, जिससे सम्मेलन जीवंत और समावेशी बन गया। कार्यशाला में आईक?यूवीआईए की एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. अर्शिया भंडारी, स्प्रिंगर नेचर की पब्लिशिंग डायरेक्टर सुश्री सुवीरा शाह और डीएसएन कंसल्टिंग, मुंबई की प्रिंसिपल पार्टनर डॉ. श्वेता नैय्यर के विशेषज्ञ सत्र शामिल थे। इन सत्रों ने प्रतिभागियों को फार्माकोविजिलेंस, सुरक्षा मूल्यांकन प्रक्रियाओं और डिजिटल नैदानिक सूचना विज्ञान पर अमूल्य ज्ञान प्रदान किया, जिससे उन्हें फार्मास्युटिकल क्षेत्र में भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया गया। सम्मेलन ने फार्मास्यूटिकल्स के भविष्य को आकार देने के लिए शिक्षा और उद्योग के बीच सहयोग को बढ़ावा देने, ज्ञान साझा करने, नवाचार और कौशल विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य किया।

### राज्य सभा हेतु नामित सांसद रेखा शर्मा पहुंची पंचकूला भाजपा मुख्यालय, कार्यकर्ताओ ने किया स्वागत



**डेमोक्रेटिक फ्रंट पंचकूला.** हरियाणा से राज्य सभा के लिए नामांकन भरने के बाद पहली बार रेखा शर्मा पंचकूला पार्टी मुख्यालय पहुँच कर प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सदस्यता अभियान के द्वितीय चरण के प्रगति की समीक्षा बैठक की। गौरतलब है भाजपा के सदस्यता अभियान के प्रथम चरण में प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य पूर्ण करने के बाद अब दूसरे चरण में सक्रिय सदस्य बनाने का कार्य प्रदेश स्तर पर चलाया रहा है। इस मौके पर रेखा शर्मा ने राज्यसभा हेतु उनके नाम के चयन के निर्णय के लिए शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद करते हुए कहा वे देश के उच्च सदन में पंचकूला और हरियाणा के सर्वांगीण विकास, विशेषकर महिलाओ के हक की आवाज को पूरी मुखरता से उठाएंगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया की संगठन में महत्वपूर्ण दायित्व एवं पद सक्रिय सदस्यों को ही दिए जाते है, पार्टी का सक्रिय सदस्य बनने के लिए आवश्यक है प्रत्येक कार्यकर्ता कम से कम पचास प्राथमिक सदस्य जोड़े। इस मौके पर नगर महापौर कुलभूषण गोयल, जिला महामंत्री वीरेंदर राणा, शिवालिक बोर्ड के चेयरमैन ओमप्रकाश देवीनगर, प्रदेश कार्यालय प्रमुख कमलजीत, वरिष्ठ नेता प्रमोद सिंगला, भाग सिंह दमदमा व प्रदेश एवं जिले के तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# चंडीगढ़ में मिल रहा बर्फबारी का मजा, नहीं जरूरत शिमला मनाली जाने की

### चंडीगढ़ कार्निवाल में ही मिलेगा बर्फबारी का आनंद

### कृत्रिम बर्फ से ढंकी हट्स और पेड़ पौधे भी बन रहे आकर्षण का केन्द्र





**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** सेक्टर 34 के एग्जीबिशन ग्राउंड में चल रहे चंडीगढ कार्निवाल–2024 में ट्राईसिटी वासियों के लिए इस बार आयोजकों द्वारा कुछ अलग ही पेश किया गया है। इस बार कार्निवाल की खासियत कृत्रिम बर्फ से ढंकी हट्स और पेड़ पौधे को इस तरह से बनाया गया है कि आप इनके आगे फोटो या सेल्फी लेने से अपने आप को रोक नही पाएंगे। मनाली हट्स की खूबसूरती के चलते अब ट्राईसिटी वासियों शिमला–मनाली जाने की जरूरत नही है। आयोजको द्वारा इस बार कार्निवाल में विजिटर्स को बर्फबारी के आनंद का अहसास करवाया जा रहा है। प्रवेश द्वार से एंटर करते ही बनाए गए मनाली हट्स और ऊपर से हो रही कृत्रिम बर्फबारी निश्चित रूप से विजिटर्स को अपनी ओर आकर्षित करेगी। शालू एम्यूजमेंट के बैनर तले चल रहे चंडीगढ़ कार्निवाल–2024 को ट्राईसिटी की जनता से हर बार की तरह इस बार भी भरपूर सराहना और प्यार मिल मिलेगा। ऐसा कहना है आयोजक सत्यनारायण का। सत्यनारायण ने बताया कि ट्राईसिटी वासियों को हर बार की तरह कुछ नया और अलग देने की वचनबद्धता के तहत ही इस बार भी विशाल और भव्य प्रवेश द्वार व साथ ही आकर्षक सेल्फी पॉइंट लोगों का आकर्षण केंद्र बनेंगे। कार्निवाल में प्रवेश से पहले ही नएपन से युक्त प्रवेश द्वार पर भी विजिटर्स अपनी फोटोज खींचने से अपने आप को रोक नही पाएंगे। इसके बाद अंदर प्रवेश करते ही मनाली हट्स और कृत्रिम बर्फबारी उनका स्वागत करेगी। जो अवश्य ही उन्हें अपनी ओर आकर्षित करेगी। सत्यनारायण ने आगे बताया कि एग्जीबिशन ग्राउंड में चल रहे चंडीगढ़ कार्निवाल – 2024 में काफी कुछ देखने योग्य है। उन्होंने कहा कि हमने इस कार्निवल को बच्चों और परिवार के लिए एक यादगार अनुभव बनाने के लिए आयोजित किया है। हमें उम्मीद है कि लोग इस आयोजन का पूरा आनंद लेंगे। सत्यनारायण ने आगे बताया कि वो पिछले लगभग 4 दशक से चंडीगढ़ व आसपास के एरिया में कार्निवाल लगाते आ रहे हैं और हर बार कुछ अलग व नयापन ही पेश करते हैं। सत्यनारायण ने बताया कि चंडीगढ कार्निवल में विभिन्न प्रकार के झूले, खाने के स्टॉल, और इलेक्ट्रिक कलाकृतियां लगाई गई हैं। लोग इन आकर्षणों का पूरा आनंद लेंगे और अपने परिवार के साथ यादगार पल बिताएंगे। इस कार्निवाल में खाने पीने के स्वादिष्ट व्यंजन, रंग बिरंगी लाइट, बच्चों के लिए झूले और इलेक्ट्रिक कलाकृतियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनेंगी।

## देश में बनवासियों के कल्याण में सत्येंद्र सिंह और उनकी संस्था का काम सराहनीय : संजय टंडन



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चंडीगढ़।** पूरे भारत के जनजाति क्षेत्रों में काम करने वाले स्वयंसेवी संस्था अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह द्वारा सम्पूर्ण भारत में प्रवास किया जा रहा है. आज उनका पंजाब प्रान्त के प्रवास के प्रथम दिवस पर चंडीगढ़ में प्रवास रहा इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने उनसे भेंटवार्ता की और विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की. संजय टंडन ने अपनी और पत्नी प्रिया टंडन द्वारा लिखी लघु कथा संग्रह ÒSunrays for TuesdayÓ पुस्तक (हिंदी संस्करण) भेंट की और उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की.

इस भेंटवार्ता के बारे में बताते हुए संजय टंडन ने कहा कि सामजिक संस्था और उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह का बनवासी लोगों के को लेकर किये जा रहे कार्य सराहनीय हैं. ऐसे लोग जो नि:स्वार्थ भाव से अन्तोदय पंक्ति में खड़े व्यक्तियों के उत्थान के बारे में सोचे विरले विरले ही होते हैं ,सत्येंद्र सिंह उनमे से एक हैं. उन्होंने अपना सर्वस्व जीवन बनवासी लोगों के हितों, उनकी हकों, उनके आतम सम्मान, उनके संरक्षण , उनके उत्थान के लिए लगाया हुआ है और दिन रात ऐसे लोगों को मुख्यधारा में लगाने में प्रयासरत हैं. उनका मार्गदर्शन एवं समाज के प्रति सेवा कार्य हम सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायक हैं। इस भेंटवार्ता के दौरान सत्येंद्र सिंह ने आश्रम का साहित्य उन्हें भेंट किया और बताया कि अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम हमारे वनवासी भाइयों के कल्याण के लिए भारत के जनजाति क्षेत्रों में काम कर रहा है। वनवासी कल्याण आश्रम भारत के 90त्न से अधिक जनजाति जिलों तक पहुंच गया है। यह शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और आर्थिक विकास आदि क्षेत्रों में परियोजनाओं के माध्यम से जनजातीय लोगों के कल्याण के लिए काम कर रहा है। हम पर्यावरण संरक्षण, मानव संसाधन विकास, महिला सशक्तिकरण और खेल के क्षेत्र में भी काम कर रहे हैं। हम सांस्कृतिक जागरूकता और जनजातियों के अधिकारों की सुरक्षा जैसी गतिविधियों में भी लगे हुए हैं। वनवासी कल्याण आश्रम (वीकेए) की स्थापना 26 दिसंबर 1952 को जशपुरनगर में वनयोगी बालासाहेब देशपांडे द्वारा की गई थी, आज हजारों कार्यकर्ता विपरीत परिस्थितियों के बावजूद समर्पण और समर्पण के साथ काम कर रहे हैं। हम राष्ट्रीय जीवन के सभी पहलुओं में भारत को एक अनुकरणीय राष्ट्र के रूप में देखने का सपना देखते हैं।

### सतपाल सिंह रोजी बने मोदी रतन

## बीस हजार से अधिक प्रदेशवासियों को बनाया भाजपा सदसय



**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर कोशिक खान.** भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता सतपाल सिंह रोजी ने एक बार फिर से कीर्तिमान स्थापित करते हुए पार्टी में अपनी अलग पहचान बनाई है। सतपाल सिंह ने भाजपा सदस्यता अभियान मे बीस हजार से अधिक लोगों को पार्टी के साथ जोड़ने का काम किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि सतपाल सिंह ने 20235 प्रदेशवासियों को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता दिलवाकर कीर्तिमान स्थापित किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि पिछले महीने दस हजार भाजपा सदस्य बनाकर सतपाल सिंह पहले ही मोदी मित्र बन चुके हैं अब 20000 का आंकड़ा पार कर वह मोदी रतन बन गए हैं। उन्होंने कहा कि सतपाल सिंह यमुनानगर जिले के ऐसे पहले भाजपा नेता है जिन्होंने यह आंकड़ा पार किया है। राजेश सपरा ने कहा कि उन्हें विश्वास है की सतपाल सिंह और अधिक सदस्य बनाकर देश में सबसे अधिक सदस्य बनाने वाले नेताओं की पंक्ति में अपना नाम दर्ज करवाएंगे। सतपाल सिंह रोजी की इस उपलब्धि पर सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा सहित भाजपा पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी।

### जगाधरी बस स्टैंड के पास ई रिक्शा स्टैंड पर हरियाणा सरकार द्वारा मंजूर लाखों रुपए की लागत से टाइलीकरण कार्य का शिलान्यास किया : निश्चल चौधरी

**डेमोक्रेटिक फ्रंट यमुनानगर सुशील पंडित.** भाजामु जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर द्वारा विधानसभा चुनावों से पहले मंजूर 12 लाख रुपए की धनराशि से ई–रिक्शा स्टैंड निकट बस स्टैंड जगाधरी के टाईलीकरण कार्य का उन्होंने नारियल फोड़कर शिलान्यास किया इसके पश्चात भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी ने पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर एवं हरियाणा सरकार द्वारा जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जगाधरी शहर के भारत सेवक नगर में मंजूर किए गए अलग अलग 8 विकास कार्यों का निरीक्षण किया एवं विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के दिशा निर्देश दिए। भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी ने कहा कि पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर द्वारा लगातार जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में हरियाणा भाजपा सरकार के माध्यम से जगह जगह विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। यह विकास कार्य तय समय में हो व विकास कार्यों में अच्छी गुणवत्ता की सामग्री लगे इस बात का सभी लोग ध्यान रखें।जगाधरी शहर में पहले की तरह विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे इनमें किसी भी प्रकार की कोई भी कमी नहीं रहने दी जाएगी। जगाधरी शहर की हर कॉलोनी हर वार्ड में लगातार विकास कार्य भाजपा सरकार द्वारा जारी रहेंगे। भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा सरकार ने आउटसोर्सिंग व हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों की नौकरी सुरक्षित कर एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है, यही भाजपा सरकार की सबसे अच्छी व निष्पक्ष सोच है।

## 75.13 लाख की ग्रांट से सरकारी स्कूलों का होगा कायाकल्प : डॉ. इशांक कुमार

### चब्बेवाल के विभिन्न स्कूलों के विकास कार्यों का किया शिलान्यास





**डेमोक्रेटिक फ्रंट हुशियारपुर ( तरसेम दीवाना )।** चब्बेवाल विधानसभा क्षेत्र के सरकारी स्कूलों को एक रोल मॉडल के रूप में विकसित करने के संकल्प के साथ, विधायक डॉ. इशांक कुमार ने क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के रखरखाव और विकास कार्यों का शिलान्यास किया । कुल 75.13 लाख रुपये की लागत से इन कार्यों को संपन्न किया जाएगा।डॉ. इशांक कुमार ने इस अवसर पर कहा, शिक्षा ही समाज की प्रगति की नींव है, और सरकारी स्कूलों को बेहतर बुनियादी सहूलतें उपलब्ध करवाना मेरा प्राथमिक उद्देश्य है। गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अछरवाल स्कूल की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए 46.84 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। यह कार्य स्कूल के बुनियादी ढांचे को आधुनिक और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हाई स्कूल, सरहाला कलां की मरम्मत के लिए 5.35 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं। प्राइमरी स्कूल, भाम की नई चारदीवारी के निर्माण के लिए 5.35 लाख रुपये की धनराशि मंजूर की गई है।सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अज्नोहा के मरम्मत कार्य के लिए 10 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। प्राइमरी स्कूल, मोना खुर्द में 6 लाख रुपये की लागत से नई चारदीवारी बनाई जाएगी और 1.59 लाख रुपये की लागत से छात्राओं के लिए नया शौचालय बनाया जाएगा। कुल मिलाकर 7.59 लाख रुपये इस स्कूल पर खर्च किए जाएंगे।डॉ. इशांक कुमार ने कहा कि चब्बेवाल क्षेत्र के सरकारी स्कूलों को ऐसी सुविधाओं से लैस किया जाएगा, जिससे यह निजी स्कूलों के समकक्ष खड़े हो सकें। यह विकास कार्य क्षेत्र के शैक्षिक स्तर को ऊंचा उठाने और छात्रों को बेहतर भविष्य देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।डॉ. इशांक ने अंत में कहा, यह शुरुआत है, और आने वाले समय में क्षेत्र के हर स्कूल और हर विद्यार्थी के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का मेरा प्रयास जारी रहेगा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सेकेंडरी शिक्षा ललिता अरोड़ा ने डा इशांक कुमार का धन्यवाद् करते हुए कहा कि उनके द्वारा विधायक बनते ही इस तरह से स्कूलों के उत्थान कार्यों के लिए ग्रांट जारी करवाने से सभी स्कूलों के शिक्षकों में भी हर्ष का संचार हुआ है और सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी दुगने उत्साह से अपने स्कूलों में पढ़ने–पडाने और बढ़िया रिजल्ट देने के लिए तत्पर हैं। इन स्कूलों में शिलान्यास के मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी एलीमेंट्री शिक्षा हरजिंदर सिंह, उप जिला शिक्षा अधिकारी एलीमेंट्री शिक्षा सुखविंदर सिंह, जिला स्मार्ट क्लासरूम कोऑर्डिनेटर सतीश कुमार शर्मा, सरपंच मोहन सिंह, मुख्य अध्यापिका कश्मीर कौर, दलजीत सिंह पूर्व सरपंच, अजनोहा सरपंच राजविंदर कौर , सरपंच परविंदर सिंह भाम मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री की रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें जनता : अशोक सैनी

### भीड़ को देखकर मुख्यमंत्री खोलेंगे विकास के द्वार – अनूप

### रैली की सफलता के लिए जिला अध्यक्ष पूर्व प्रत्याशी एवं भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

डेमोक्रेटिक फ्रंट उकलाना जगदीश असीजा

भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने उकलाना क्षेत्र की जनता से आह्वान किया है कि वह 22 दिसंबर को होने वाली मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धन्यवाद रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। उन्होंने कहा कि रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी क्षेत्र के विकास बारे अहम घोषणाएं करेंगे।

अशोक सैनी उकलाना में उकलाना विधानसभा के तीनों मंडलों के प्रमुख पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री की रैली का अधिक से अधिक प्रचार करने व जनता से इसमें पहुंचने का आह्वान किया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि रैली की घोषणा से क्षेत्र की जनता में भारी उत्साह है। रैली की तैयारियां शुरू कर दी गई है।

रैली को संबोधित करते हुए पार्टी उम्मीदवार रहे अनूप धानक ने कहा कि रैली की घोषणा से क्षेत्र की जनता में नई उर्जा का संचार हुआ है। क्षेत्र की जनता को मुख्यमंत्री आगमन से भारी उम्मीदें हैं। उन्होंने दावा किया कि यह रैली भीड़ के लिहाज से ऐतिहासिक होगी। वहीं पूर्व राज्य मंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हमें दिन–रात एक करके मुख्यमंत्री की रैली में अपार भीड़ जुटाना है और कार्यकर्ताओं का उन्होंने हौसला बढ़ाया कि आज सरकार है और हल्के में विकास की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि बैठक में पहुंचने पर जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल व अनूप धानक का कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ते भेंट करके स्वागत किया। बैठक में तीनों मंडल अध्यक्ष सुशील रेड्डू व सुमित लितानी मौजूद रहे। उपरोक्त के अलावा बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष आशा खेदड़, मीना शर्मा, रामफल नैन, सुरजीत ख्यालिया, कृष्ण लितानी, विनोद, संदीप कुंडु, धूपसिंह थाकन, राधिका गोदारा, डॉ शमी नागपाल करण सिंह जांगड़ा अजय गोदारा, संदीप धमीजा सहित अनेक पदाधिकारी व क्षेत्र के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# पुरुषों के हक में आवाज उठाने वाली संस्था एसआईएफ ने राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित अतुल सुभाष आत्महत्या केस के विरोध में कैंडल मार्च निकाला



**डेमोक्रेटिक फ्रंट चण्डीगढ़।** पुरुषों के हक में आवाज उठाने वाली संस्था सेव इंडियन फैमिली ( एसआईएफ), चण्डीगढ़ ने आज जस्टिस फॉर अतुल सुभाष की मांग को लेकर सेक्टर 17 स्थित प्लाजा में कैंडल मार्च निकाला। संस्था के अध्यक्ष रोहित डोगरा ने इस अवसर पर उपस्थित जान समूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि कानूनी आतंकवाद, कानूनी जबरन वसूली और झूठे आरोपों के कारण दुखद रूप से होनहार इंजीनियर अतुल सुभाष की जान ले ली।उन्होंने कहा कि अतुल ने आत्महत्या नहीं की बल्कि हमारी व्यवस्था ने उसकी हत्या की। रोहित डोगरा ने मांग की कि अतुल के मामले की गहन जांच करके जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाए और उन्हें कड़ी से कड़ी सज़ा मिलना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था लम्बे आरसे से केंद्र सरकार से महिला आयोग एवं महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की तरह पुरुष आयोग एवं पुरुष कल्याण मंत्रालय का भी गठन करना चाहिए जो पुरुषों के कल्याण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार करने में सक्षम हो।

उन्होंने बताया कि भारत जैसे देश में जहां महिलाओं की सुरक्षा के लिए करीब 50 से ज्यादा कानून हैं, जहां महिलाओं की सुरक्षा के लिए दस हजार से ज्यादा एनजीओ काम कर रहे हैं, जहां महिलाओं के लिए करोड़ों का बजट और मुफ्त योजनाएं हैं तथा जहां महिलाओं के कल्याण के लिए अलग मंत्रालय है, वहां आधी आबादी पुरुषों के लिए कुछ भी नहीं है। एनसीआरबी 2022 के आत्महत्या के आंकड़े बताते हैं कि हर साल पुरुषों द्वारा आत्महत्या की संख्या 1,22,724 है, जबकि महिलाओं की संख्या 48,172 है। विवाहित पुरुषों की संख्या 83713 है, जबकि विवाहित महिलाओं की संख्या 30771 है।


भारत में हर 4.4 मिनट में एक पुरुष आत्महत्या करता है और हर 6.5 मिनट में एक विवाहित पुरुष आत्महत्या करता है। उन्होंने कहा कि भारत में पुरुषों की आत्महत्या की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रत्येक जिले में आत्महत्या हेल्पलाइन स्थापित की जाने चाहिए। लिंग आधारित कानूनों जैसे कि घरेलू हिंसा अधिनियम, यौन उत्पीड़न कानून, बीएनएस 69, बलात्कार कानून आदि में संशोधन करना तथा उन्हें पुरुष-महिला की जगह व्यक्ति तथा पत्नी-पति की जगह जीवनसाथी बनाकर लिंग तटस्थ बनाना चाहिए। 498-ए, घरेलू हिंसा अधिनियम, बलात्कार कानून, यौन उत्पीड़न कानून जैसे अत्यधिक दुरुपयोग किए जाने वाले कानूनों को समाप्त किया जाना चाहिए तथा




दुरुपयोग करने वालों को कड़ी सजा देने के लिए कठोर दुरुपयोग धारा जोडी जाए ताकि कानून के दुरुपयोग की समस्या को रोका जा सके। आज विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वाले एसआईएफ-चंडीगढ़ के कार्यकर्ताओं में अंकुर शर्मा, गौरव रहेजा, महेश कुमार, संदीप कुमार, मोहित अरोड़ा, रविंदर सिंह, जसजोत सिंह, अमनदीप सिंह, हरदीप कुमार, नवीन कुमार, रोहित कुमार और अन्य शामिल रहे।

## पीयू को क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग सस्टेनेबिलिटी 2025 में विश्व स्तर पर 710वां स्थान मिला

**डेमोक्रेटिक फ्रंट चण्डीगढ़।** पंजाब विश्वविद्यालय को क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग सस्टेनेबिलिटी 2025 में विश्व स्तर पर 710वां, एशिया में 189वां और भारत के विश्वविद्यालयों में आठवां स्थान मिला है। यह पहली बार है कि पीयू ने इस रैंकिंग में भाग लिया है। मूल्यांकन किये गये 1,743 अग्रणी संस्थानों में से तीन महत्वपूर्ण मापदंडों पर्यावरणीय प्रभाव, सामाजिक प्रभाव और सुशासन के आधार पर यह स्थान हासिल किया। पाठ्यक्रम में स्थिरता और सामाजिक पहलुओं पर मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम, अपशिष्ट का पृथक्करण तथा बायोगैस, तृतीयक जल उपयोग और एलईडी कार्यान्वयन जैसे ऊर्जा प्रबंधन प्रयासों ने इस मान्यता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पीयू शिक्षा की गुणवत्ता, रोजगार क्षमता, शोध आउटपुट और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ाने के लिए निरन्तर प्रयासरत है, जो लगातार वैश्विक रैंकिंग में स्थिति को ऊपर उठाने में मदद कर रहा है।



## एक नजर

### ज्ञान ज्योति ग्लोबल स्कूल में एक राष्ट्र, एक सपना विषय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित




**मोहाली.** ज्ञान ज्योति ग्लोबल स्कूल, फेज़ 2, मोहाली में एक राष्ट्र, एक सपना विषय पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एकता, समावेशिता और राष्ट्रीय प्रगति के प्रति साझा दृष्टिकोण को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस के साथ ही रंगारंग प्रस्तुतियों में पारंपरिक डांस, संगीत कार्यक्रम, और नाटकों के माध्यम से भारत की विविधता में एकता की भावना को उजागर किया गया। ज्ञान ज्योति ग्रुप के चेयरमैन जे.एस. बेदी ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। चेयरमैन बेदी ने अपने संबोधन में उन्होंने छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि %एक राष्ट्र, एक सपना थीम हमारे देश की असली भावना को दर्शाती है। यह देखकर खुशी होती है कि नई पीढ़ी कला और संस्कृति के माध्यम से इस विचारधारा को आत्मसात कर रही है। स्कूल के प्रिंसिपल ज्ञान ज्योति ने छात्रों और स्टाफ की मेहनत की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल प्रतिभा को निखारते हैं, बल्कि छात्रों में राष्ट्रीय एकता और मूल्यों का भी संचार करते हैं। इस कार्यक्रम का समापन छात्रों की सामूहिक प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम की सफलता ने ज्ञान ज्योति ग्लोबल स्कूल की राष्ट्रीय एकता और समर्पण की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

### ध्यान, प्रेम और जागरूकता का उत्सव है ओशो जयंती : आचार्या माँ साक्षी



**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** ओशो सिद्धार्थ फाउंडेशन के तत्वाधान में ओशोधारा मैत्री संघ हिसार ने अपने साधना केंद्र पर परमगुरु ओशो का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। ओशोधारा की आचार्या मां साक्षी ने इसका संचालन किया। इस अवसर पर साधना केंद्र को विशेष रूप से सजाया गया, जहां साधकों और अनुयायियों ने मिलकर ओशो के विचारों और शिक्षाओं को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्यान सत्र से हुई, जिसमें सभी ने मिलकर गहन ध्यान का अनुभव किया। इसके बाद प्रवचन सत्र में ओशो की शिक्षाओं पर चर्चा की गई, जिसमें उनके विचारों की प्रासंगिकता और आज के जीवन में उनके उपयोग को समझाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने इस आयोजन को और भी रोचक बना दिया। साधकों ने गीत, भजन और नृत्य प्रस्तुत करके ओशो के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। ओशोधारा के वरिष्ठ सदस्यों ने ओशो की शिक्षाओं को सरल और प्रासंगिक तरीके से प्रस्तुत करते हुए जीवन में प्रेम, ध्यान और जागरूकता को अपनाने का संदेश दिया। ओशो की जयंती के अवसर पर आचार्या मां साक्षी के सान्निध्य में संघ के सभी सदस्यों ने यह प्रण लिया कि वे उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाएंगे और समाज में प्रेम, शांति और जागरूकता का संदेश फैलाएंगे। ओशोधारा के आचार्या मां संजीला, आचार्या मां कल्पना, आचार्य बसंत, मां निर्मला, स्वामी पवन इस कार्यक्रम का हिस्सा बने और अपने-अपने स्तर पर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सामूहिक भोज का आयोजन भी हुआ, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया और आपसी मेलजोल को बढ़ावा दिया। ओशो की जयंती के इस आयोजन ने साधकों को प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया, जिससे सभी ने उनके संदेश को जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

### श्रीयोग त्रिवेणी, 12 क्वार्टर का वार्षिक सत्संग समारोह 15 को

**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** श्रीयोग सेवा समिति एवं सर्व साध संगत के तत्वाधान में 12 क्वार्टर रोड़ स्थित परमहंस श्रीयोग त्रिवेणी का 24वां वार्षिक सत्संग समारोह 15 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए समारोह संयोजक साध्वी निजआत्मयोगानंद ने बताया कि प्रात 11 बजे सत्संग समारोह किया जाएगा। सत्संग में संस्था प्रमुख संत सुखदेवानंद महाराज सहित कई साध्वियां प्रवचन देंगी। सत्संग के समापन पर दोपहर बाद 2 बजे भंडारा चलाया जाएगा।

### श्रीश्याम बालाजी सेवादार मंडल ने नई सब्जी मंडी में बारस पर चलाया 25वां भंडारा



**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** श्रीश्याम बालाजी सेवादार मंडल की ओर से हर माह बारस पर चलाए जाने वाले भंडारे की कड़ी में आज सुबह नई सब्जी मंडी में दुकान नंबर 75 पर 25वां मासिक कढ़ी चावल का भंडारा चलाया गया। संस्था के प्रधान सुरेंद्र बालान ने बताया कि समाजसेवी राजेंद्र सैनी जमालपुरिया व कमल पुरोहित ने बाबा का भोग लगाकर भंडारे की शुरुआत की जिसमें सुमित कुक?जा, अरुण सेठी, अमित बावलिया, डॉ. संजय सैनी, हैप्पी बालान, शम्मी बालान, गुलशन गाबा, देवीलाल, अनिल बालान, हैप्पी सैनी, संदीप जांगड़ा, पारुल, राजेंद्र सैनी, राजू मामा, सौरभ, कैलाश सैनी, ललित सैनी सहित मंडल के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## अग्रवाल संगठन द्वारा देश व प्रदेश में अग्रवाल युवक-युवतियों के रिश्ते करवाने का कार्य करेगा : गर्ग

**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** हरियाणा अग्रवाल विकास संगठन के हिसार जिला प्रधान सत्यपाल अग्रवाल व शहरी प्रधान अनिल सिंगला मंगाली वाला ने संयुक्त जारी ब्यान में बताया कि अग्रवाल युवक-युवतियों के रिश्ते करवाने के लिए अग्रवाल समाज द्वारा कार्यालय का उद्घाटन अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व हरियाणा अग्रवाल विकास संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने किया। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उद्घाटन समारोह में कहा कि बच्चों के रिश्ते करवाना बड़ा ही समाजिक कार्य है जबकि आज के समय में युवक-युवतियों के रिश्ते समय पर ना होने के कारण बच्चों की उम्र बढ़ती जा रही है। अग्रवाल संगठन द्वारा देश व प्रदेश में अग्रवाल युवक-युवतियों के रिश्ते करवाने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए देश व प्रदेश के हर जिलों से युवक-युवतियों के पूरे परिचय लेकर उसका रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। बायोडाटा के माध्यम से युवक-युवतियों के माता-पिता आपसी तालमेल करके आसानी से बच्चों के रिश्ते कर सकेंगे और युवक-युवती के बायोडाटा वाली पुस्तकें का भी विमोचन किया जाएगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि बच्चों के रिश्ते करवाने के लिए जगह-जगह अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन भी करवाएं जाएंगे ताकि एक ही मंच पर युवक-युवती को मनचाहा वर-वधु मिल सके। परिचय सम्मेलन करवाने से फिजूल खर्च पर भी अंकुश लगेगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि हिसार में बच्चों के रिश्ते करवाने के लिए जिला प्रधान सत्यपाल अग्रवाल, शहरी प्रधान अनिल सिंगला मंगाली वाला, एनके गोयल व अग्रोहा धाम में राष्ट्रीय युवा संयोजक अनन्त अग्रवाल, राष्ट्रीय महासचिव चूड़ियां राम गोयल, निर्माण समिति संयोजक रिषी राज गर्ग आदि के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया है। इसी प्रकार देश व प्रदेश में कमेटियों का गठन किया जाएगा।

## 3 जनवरी से 8 जनवरी 2025 तक नई दिल्ली में होगा अखिल भारतीय सिविल सेवा बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन

**डेमोक्रेटिक फ्रंटहिसार/पवन सैनी.** अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने बताया कि अखिल भारतीय सिविल सेवा बैडमिंटन टूर्नामेंट 2024-25 (महिला एवं पुरुष) का आयोजन 3 जनवरी से 8 जनवरी 2025 तक नई दिल्ली की आईएनए कॉलोनी में स्थित त्यागराज स्टेडियम में, क्रिकेट (पुरुष) का आयोजन 03 जनवरी से 10 जनवरी 2025 तक भारत नगर क्रिकेट ग्राउंड अशोक विहार व अन्य क्रिकेट ग्राउंड दिल्ली में किया जाएगा तथा बास्केटबाल खेल (महिला एवं पुरुष) का आयोजन 03 जनवरी से 08 जनवरी 2025 तक लोक विहार आनंदवास एफयू ब्लॉक पीतमपुरा दिल्ली में तथा बाल भारती स्कूल पीतमपुरा दिल्ली में करवाया जाएगा। इसके अलावा कबड्डी खेल (महिला एवं पुरुष) का आयोजन 03 जनवरी से 08 जनवरी 2025 तक त्यागराज स्टेडियम आईएनए नई दिल्ली व टेबल टेनिस खेल (महिला एवं पुरुष) का आयोजन 16 दिसंबर से 20 दिसंबर 2024 तक त्यागराज स्टेडियम आईएनए नई दिल्ली में करवाया जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में हरियाणा राज्य की ओर से भाग लेने वाले बास्केटबाल खिलाडियों के लिए 24 दिसंबर को पंचकूला में, किक्रेट के लिए 24 दिसंबर को करनाल में, कबड्डी खेल के लिए 19 दिसंबर को रोहतक में चयन किया जाएगा। जिला हिसार के सभी विभागों में कार्यरत इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी इस चयन स्पर्धा मे प्रात 10 बजे तक निर्धारित स्थान पर पहुंचना सुनिश्चित करे। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को अपने विभाग से यह प्रमाण पत्र देना होगा कि वे अमुक विभाग/कार्यालय के अधिकारी अथवा कर्मचारी हैं तथा प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जाने व वापस आने का किराया संबंधित विभाग/खिलाड़ी द्वारा वहन किया जाएगा। इस चयन स्पर्धा मे भाग लेने वाले सिविल सेवा कर्मचारी टी.ए./डी.ए. अपने विभाग से लेंगे। केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीडा बोर्ड नई दिल्ली के आदेशानुसार विभिन्न कैटेगरी के कर्मचारी एआईसीएस के लिए पात्र नहीं हैं, जिनमें रक्षा सेवाओं/अर्धसैनिक संगठन/केंद्रीय पुलिस संगठन, पुलिस, आरपीएफ, सीआईएसएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, एनएसजी आदि में वर्दीधारी कार्मिक और स्वायत्त निकायों, उपक्रमों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कर्मचारी, भले ही वे प्रशासनिक रूप से केंद्रीय मंत्री द्वारा नियंत्रित हों तथा आकस्मिक, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी व कार्यालयों में अस्थाई ड्यूटी पर कार्यरत कर्मचारी एवं नवनियुक्त कर्मचारी जिसने नियमित प्रतिष्ठान, सेवा में 6 महीने से कम समय बिताया हो को शामिल किया गया है।

## हरियाणा के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा 13 व 15 दिसंबर को बरवाला विधानसभा का करेंगे धन्यवादी दौरा

**डेमोक्रेटिक फ्रंटहिसार/पवन सैनी.** लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर गंगवा 13 व 15 दिसंबर को बरवाला विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में धन्यवादी दौरा कर जनसमस्याएं सुनेंगे। यह जानकारी देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने बताया कि लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कार्यक्रम अनुसार 13 दिसंबर को सुबह 10 बजे बरवाला में नवनिर्मित लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद सुबह 10:30 बजे लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस में लोक निर्माण विभाग के जेई एवं इससे ऊपरी स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे, सुबह 11 बजे जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जेई एवं इससे ऊपरी स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे, 11:30 बजे म्युनिसिपल कमेटी बरवाला में म्युनिसिपल कमेटी के पार्षदों एवं अधिकारियों के साथ बैठक, दोपहर 1 बजे गांव जुगलान स्थित ओम यूनिवर्सिटी वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने बताया कि लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कार्यक्रम अनुसार 15 दिसंबर को सुबह 10 बजे गांव राजली में, सुबह 11.30 बजे गांव पंघाल में, दोपहर 1 बजे ढाणी खान बहादुर और दोपहर 3 बजे गांव ढ़ाणी मिरदाद का धन्यवादी दौरा कर जन समस्याएं सुनेंगे। धन्यवादी कार्यक्रम के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।


## समस्याओं के समाधान के लिए समाधान शिविरों का फायदा उठाएं नागरिक

**डेमोक्रेटिक फ्रंट हिसार/पवन सैनी.** अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर में वीरवार को नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। अतिरिक्त उपायुक्त ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है। शिविर में कई शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया, जबकि कुछ मामलों में आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए समय सीमा निर्धारित की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए और शिकायतकर्ताओं को समाधान होने पर जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि जिले में उपमंडल स्तर पर भी शिविर का आयोजन हो रहा है। नागरिक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए शिविरों का फायदा उठाएं।










स्वामी एवं मुद्रक व संपादक कोरल द्वारा कार्यालय # 407, सेक्टर 16 पंचकूला से प्रकाशित और इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड, पंचकूला से मुद्रित करवाया जाता है। TITLE CODE : 1364436, Mob : 7508038116, E-mail : sareeka2473@gmail.com, website www.demokraticfront.com